देश की ताप विद्युत परियोजनाओं के कार्यकरण में सुधार लाने की योजना

819. **श्री रणजीत सिंह :**
श्रीमती सुषमा स्वराज :

क्या **विद्युत और गैर-पारम्परिक ऊर्जा स्रोत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या देश के कुछ ताप विद्युत संयंत्रों के कार्यकरण में सुधार लाने के लिए कोई योजना बनाई गई है;

(ख) यदि हां, तो इस योजना की विस्तृत रूपरेखा क्या है ;

(ग) इस योजना के कार्यान्वयन के लिए क्या समय-सीमा तय की गई है; और

(घ) इस योजना के कार्यान्वयन पर कुल कितनी धनराशि का व्यय किया जाना है और परियोजनाओं की कार्यक्षमता में वृद्धि होने के परिणामस्वरूप देश को किस प्रकार से लाभ होने की सम्भावना है ?

विद्युत और गैर-पारम्परिक ऊर्जा स्रोत मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री कल्पनाथ राय): (क) जी, हां। देश में विद्यमान कुछ पुराने ताप विद्युत केन्द्रों के कार्य निष्पादन में सुधार किए जाने के लिए सोपान-1 और सोपान-2 कार्यक्रमों के रूप में नवीकरण एवं आधुनिकीकरण स्कीमें तैयार की गई थी।

(ख) 34 पुराने ताप विद्युत केन्द्रों में कुल मिलाकर 13,585.5 मेगावाट अधिष्ठापित क्षमता के 164 ताप विद्युत यूनिटों के लिए सोपान-1 के अधीन सितम्बर, 1984 में नवीकरण एवं आधुनिकीकरण कार्यक्रम की शुरूआत की गई थी। 8वीं पंचवर्षीय योजनावधि के दौरान क्रियान्वयन हेतु 46 पुराने ताप विद्युत केन्द्रों में कुल मिलाकर 19,975.5 मे० वा० अधिष्ठापित दक्षता के 199 ताप विद्युत यूनिटों के लिए सोपान-2 कार्यक्रम के पहले शुरूआत की जा चुकी है।

(ग) और (घ) सोपान-1 कार्यक्रम के अधीन स्कीमों को सातवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान पूरा किए जाने की आशा थी। सोपान-2 कार्यक्रम को 8वीं योजनावधि के दौरान क्रियान्वित किया जाना है। सोपान-1 कार्यक्रम की स्वीकृत अनुमानित लागत 1083 करोड़ रुपए है। 8वीं योजनावधि के दौरान 1328 करोड़ रु० की राशि व्यय किए जाने की आशा है। सोपान-1 और सोपान-2 नवीकरण एवं आधुनिकीकरण कार्यक्रमों के अधीन क्रमशः 7,000 मिलियन यूनिट और 8,000 मिलियन यूनिट अतिरिक्त विद्युत उत्पादन क्षमता के लिए और संयंत्र भार अनुपात में 7 प्रतिशत और 5 प्रतिशत तक सुधार होने की परिकल्पना की गई है।

राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम और राज्य विद्युत बोर्डों के विद्युत संयंत्रों का संयंत्र उद्भार गुणक

820. **श्रीमती सुषमा स्वराज :**

डा० जितेन्द्र कुमार जैन : क्या **विद्युत और गैर-पारम्परिक ऊर्जा स्रोत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम ने 88.5 प्रतिशत तक संयंत्र उद्भार गुणक प्राप्त कर लिया है ;

(ख) यदि हां, तो क्या यह भी सच है कि देश के विभिन्न राज्यों के विद्युत बोर्डों द्वारा संचालित विद्युत संयंत्रों का संयंत्र उद्भार गुणक केवल 20 प्रतिशत तक ही है ;

(ग) यदि हां, तो वे कौन-कौन से राज्य विद्युत बोर्ड हैं जिनका संयंत्र उद्भार गुणक 40 प्रतिशत से कम आंका जा रहा है; और

(घ) क्या यह भी सच है कि कम संयंत्र उद्भार गुणक इन विद्युत बोर्डों की शोचनीय आर्थिक स्थिति होने का एक प्रमुख कारण है, यदि हां, तो क्या इन विद्युत बोर्डों को अपने संयंत्र